कार्यवाही ईओडब्लू की कार्यवाही पर लगा सवालिया निशान

# रीडर बना मोहरा, असली खिलाड़ी मैडम

**नवभारत/ नरसिंहपुर। तेंदूखेड़ा** अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय तेंदूखेड़ा में आज दोपहर में ईओडब्लू जबलपुर की 13 सदस्यीय टीम के द्वारा प्रार्थी संजय राय की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए एसडीएम पूजा सोनी के रीडर को 30000 रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ा गया, लेकिन आवेदक के द्वारा शिकायत एडीएम पूजा सोनी के नाम की गई थी, जबकि पूरी कार्यवाही के दौरान केवल रीडर सौरभ यादव पर की गई।



## यह है पूरा मामला

इन दिनों तेंदूखेड़ा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय चर्चाओं में बना हुआ है। यहां पर पदस्थ अधिकारियों की कार्यप्रणाली से आम जन परेशान बनें हुए हैं। अब गुरुवार का दिन भी तेंदूखेड़ा के इतिहास में कालिख पोत कर चला गया जहां रीडर बाबू रिश्वत लेते पकड़ा गया। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा के एक कालोनाइजर संजय राय पिता अशोक राय के द्वारा टी एन सी पी को रिपोर्ट भेजने के लिए एस डी एम कार्यालय तेंदूखेड़ा से स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट कालौनी निर्माण हेतु नक्शा प्रस्तावित करने के लिए रिश्वत मांगी गई थी। जिसमें एसडीएम पूजा सोनी की शिकायत आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ को की गई थी। गुरुवार को तेंदूखेड़ा एस डी एम कार्यालय पहुंची ई ओ डब्ल्यू जबलपुर की टीम ने कार्यालय का रीडर बाबू सौरभ यादव पिता महावीर यादव उम्र 26 वर्ष निवासी नरसिंहपुर को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए ट्रेप करते हुए धारा 7 के तहत अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। जबकि यह राशि कहां किस जगह जानी थी इस विषय को लेकर तरह तरह की चर्चायें व्याप्त हैं।

### आवेदक ने एसडीएम पूजा सोनी को बताया संलिप्त

पूरे मामले में आवेदक संजय राय जिसे अपनी कॉलोनी का नक्शा प्रस्तावित कर कर टीएनसीपी को भेजना था ने बार-बार मीडिया एवं अधिकारियों को यह बताया कि कौन से रिश्वत की मांग तेंदूखेड़ा एसडीएम इस पूजा सोनी ने की थी इतना ही नहीं इस पैसे के अलावा एसडीएम कार्यालय की पुताई और पेंटिंग का काम भी करवाने की बात एसडीएम ने कही थी एसडीएम लगातार संजय राय के काम को लेकर हीला हवेली कर रही थी जिससे परेशान होकर संजय ने श्वह्ङ्ख को शिकायत की थी इसके बावजूद श्वह्ङ्ख के द्वारा केवल रीडर सौरभ यादव पर मामला बनाया गया यह कहीं ना कहीं श्वह्ङ्ख की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगता है क्योंकि जब आवेदक ने पूर्व में ही एसडीएम का नाम शिकायत में बताया उसके बावजूद केवल एसडीएम के रीडर पर कार्यवाही कर कहीं आईएएस पूजा सोनी को बचाया तो नहीं गया, क्योंकि काम को करने के एवज में राशि ली गई है, वो खुद एसडीएम के द्वारा किया जाना था तो केवल रीडर सौरभ यादव कैसे दोषी?

### पत्रकारों के सवालों से बचे अधिकारी

जब भी जिले में लोकायुक्त या EOW की कोई कार्यवाही होती है तो कार्यवाही के बाद टीम का नेतृत्व कर रहे अधिकारी मीडिया के समक्ष अपना पक्ष सार्वजनिक कर कार्यवाही की जानकारी देते है, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं हुआ अधिकारियों ने मीडिया के सवालों का जवाब नहीं दिया उन्होंने केवल एक प्रेस नोट थमा दिया जिससे कोई काउंटर क्वेश्चन पत्रकारों के द्वारा अधिकारियों से ना किया जा सके और कैसे एसडीएम पर होने वाली कार्यवाही में केवल एक रीडर को मोहरा बनाकर EOW द्वारा प्रवीक्षा अवधि में चल रही आईएएस पूजा सोनी को क्लीन चिट दी।

### इनका कहना है

मेरे द्वारा EOW मैं आवेदक का एसडीएम पूजा सोनी के द्वारा मांगी गई रिश्वत की शिकायत की गई थी जिस पर यह कार्यवाही हुई है, रिश्वत के मामले में एसडीएम पूजा सोनी संलिप्त थी।

**संजय राय,** आवेदक

# गोटीटोरिया कोल खदान की पारदर्शिता पर उठे सवाल



**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिले में स्थित गोटीटोरिया (ईस्ट एवं वेस्ट) कोल ब्लॉक को लेकर सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत सामने आई जानकारी ने सरकारी पारदर्शिता और खनन परियोजनाओं में जवाबदेही को लेकर नई बहस छेड़ दी है। आरटीआई कार्यकर्ता हर्षित राय द्वारा भारत सरकार के कोयला मंत्रालय में दायर आवेदन के जवाब में कई महत्वपूर्ण सूचनाएं साझा करने से इंकार किए जाने पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरटीआई आवेदन संख्या MCOAL/R/E /26/00085 के माध्यम से गोटीटोरिया (ईस्ट एवं वेस्ट) कोल खदान के आवंटन, उसकी शर्तों, अवधि, माइनिंग प्लान, पर्यावरणीय स्वीकृतियों तथा वित्तीय प्रावधानों से संबंधित जानकारी मांगी गई थी।

मंत्रालय की ओर से दिए गए जवाब में बताया गया कि यह कोल ब्लॉक Boulder Stone Mart Pvt. Ltd. को कोल माइंस (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 2015 के तहत आवंटित किया गया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि Coal Mine Development and Production Agreement (CMDPA) 11 जनवरी 2021 को निष्पादित हुआ था। मंत्रालय ने यह जानकारी भी दी कि खदान की अवधि खनन पट्टे और खदान की आयु के आधार पर तय होगी। हालांकि, आवंटन की विस्तृत शर्तें, व्यावसायिक समझौते, वित्तीय प्रावधान और कीमत से जुड़ी सूचनाएं साझा नहीं की गईं। इसके पीछे आरटीआई अधिनियम 2005 की धारा 11 एवं 8(1)(d) का हवाला दिया गया, जिनमें तृतीय पक्ष की गोपनीयता और वाणिज्यिक हितों की सुरक्षा का प्रावधान है। खदान के क्षेत्रफल से संबंधित जानकारी में बताया गया कि स्वीकृत माइनिंग प्लान के अंतर्गत 249.246 हेक्टेयर क्षेत्र में उत्पादन गतिविधियां प्रस्तावित हैं। लेकिन पर्यावरणीय प्रभाव आकलन रिपोर्ट, माइनिंग प्लान की पूर्ण प्रति तथा विभिन्न पर्यावरणीय और प्रशासनिक क्लियरेंस दस्तावेज उपलब्ध कराने से विभाग ने इंकार कर दिया। आरटीआई कार्यकर्ता हर्षित राय का आरोप है कि खनन परियोजनाएं सार्वजनिक संसाधनों से जुड़ी होती हैं और उनका सीधा असर पर्यावरण, स्थानीय रोजगार, जल स्रोतों तथा सरकारी राजस्व पर पड़ता है। ऐसे में परियोजना से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेजों को वाणिज्यिक गोपनीयता के नाम पर छिपाना पारदर्शिता के सिद्धांतों के विपरीत है। उनका कहना है कि पर्यावरणीय स्वीकृतियां और माइनिंग प्लान जैसे दस्तावेज जनहित से जुड़े होते हैं, इसलिए इन्हें सार्वजनिक किया जाना चाहिए। दूसरी ओर, विभागीय अधिकारियों का तर्क है कि कुछ सूचनाएं व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा और तृतीय पक्ष की आपत्तियों से जुड़ी होने के कारण सार्वजनिक नहीं की जा सकतीं। अधिकारियों के अनुसार, कानून में उपलब्ध प्रावधानों के तहत ही जानकारी सीमित की गई है। इस प्रकरण ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि खनन जैसे बड़े और सार्वजनिक प्रभाव वाले क्षेत्रों में सूचना के अधिकार और व्यावसायिक गोपनीयता के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए।



# मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव का मुंगवानी हैलीपेड में हुआ स्वागत

**नवभारत,नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह का बुधवार को हेलीकॉप्टर द्वारा नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी में स्थित हैलीपेड में आगमन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्राम मुंगवानी में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना हितलाभ वितरण कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। आपके आगमन पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण व जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत,कलेक्टर रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# स्टेट हाईवे-44 पर भीषण सड़क हादसा, युवक की मौके पर मौत

**नवभारत,साईंखेड़ा।** गाडरवारा मार्ग स्थित स्टेट हाईवे-44 देवरी पर एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक युवक की जान ले ली। गुरुवार को हुए भीषण सड़क हादसे में रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से एक युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मृतक साईंखेड़ा क्षेत्र के पीपरपानी गांव निवासी राठौर परिवार का बताया जा रहा है। वहीं हादसे में शामिल रेत से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली साईंखेड़ा के एक साहू परिवार का बताया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि साईंखेड़ा-गाडरवारा स्टेट हाईवे-44 पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। आए दिन रेत से भरे भारी वाहन और बेलगाम ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज रफ्तार से दौड़ते नजर आते हैं, जिनके कारण आम लोगों की जान जोखिम में पड़ गई है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन और संबंधित विभाग द्वारा लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग अब सड़क कम और मौत का मार्ग अधिक बन चुका है। ओवरलोड रेत परिवहन, तेज गति और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।



क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल सख्त कार्रवाई करते हुए भारी वाहनों की जांच, गति नियंत्रण और नियमित निगरानी सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लग सके। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव ने रेस्ट हाउस मुंगवानी में किया पौधरोपण

**नवभारत,नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी स्थित वन विभाग के रेस्ट हाउस में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आम का पौधा लगाया। उन्होंने इस दौरान आमजन से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण व जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, रामसनेही पाठक, संभागायुक्त धनंजय सिंह भदौरिया, कलेक्टर रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।



## एक नजर में




### मुख्यमंत्री ने होनहार छात्र आदित्य कुशवाहा का किया सम्मान

**नवभारत,साईंखेड़ा।** गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के मुंगवानी में आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री Mohan Yadav ने साईंखेड़ा के होनहार छात्र आदित्य कुशवाहा का सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आदित्य की प्रतिभा, मेहनत एवं शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। साईंखेड़ा स्थित चैतन्य विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र आदित्य कुशवाहा, पिता जनक कुशवाहा ने 485 अंक प्राप्त कर मध्यप्रदेश की मेरिट सूची में 8वां स्थान हासिल किया है। आदित्य की इस उपलब्धि से विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थी ही मध्यप्रदेश का भविष्य हैं और ऐसे छात्रों की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का कार्य करती है। विद्यालय संचालक सुशील तिवारी ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आदित्य की सफलता विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर मार्गदर्शन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### करिश्मा का सुयश



**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस घोषित हुए सीबीएससी बोर्ड कक्षाओं के परीक्षा परिणामों में कक्षा बारहवीं की छात्रा करिश्मा मां सुषमा पिता विनोद श्रीवास्तव ने कामर्स विषय में 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी हासिल की है। करिश्मा शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है और कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। करिश्मा की इस सफलता पर शुभचिंतकों ने बधाईयां प्रेषित की हैं।

### जिला स्तरीय युवा संगम कार्यक्रम 18 को करेली में

**नवभारत,नरसिंहपुर।** प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि राज्य शासन और जिला प्रशासन नरसिंहपुर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय स्वरोजगार/ अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के लिए युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 18 मई को महात्मा गांधी महाविद्यालय करेली में प्रात: 1: 30 बजे से आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में शासन की विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के ऋण वितरण पत्र जारी किए जाएंगे। विभिन्न विभागों के द्वारा स्वरोजगारमूलक योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके साथ-साथ विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन कर निजी प्रतिष्ठित कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक आवेदक अपने समस्त दस्तावेजों के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ ले सकते हैं।

# शनि जयंती पर विविध आयोजन 16 को

**नवभारत,साईंखेड़ा।** स्थानीय मवेशी बाजार स्थित शनि मंदिर में 16 मई शनिवार को शनि जयंती श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर मंदिर परिसर में दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंदिर समिति के दुर्गाप्रसाद जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि शनि जयंती के अवसर पर सुबह से ही भगवान शनिदेव का तेलाभिषेक, विशेष पूजन, हवन एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए दोपहर 12 बजे से कन्या भोज का आयोजन रखा गया है तथा देर रात तक प्रसादी वितरण किया जाएगा। इसके अलावा शाम के समय भगवान शनिदेव की भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। शनिदेव भक्त मंडल ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से मंदिर पहुंचकर भगवान श्री शनिदेव के दर्शन करने तथा प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।



# गुम हुई तीन नाबालिग बालिकाओं को पुलिस ने 12 घंटे में सकुशल दस्तयाब किया

**नवभारत,नरसिंहपुर।** पुलिस को मिली बड़ी सफलता गांव में अच्छा न लगने एवं घर में कलह के कारण भोपाल घूमने निकल गई थीं नाबालिग बालिकाएं। थाना पलोहा क्षेत्र से गुम हुई तीन नाबालिग बालिकाओं को पुलिस ने 12 घंटे में सकुशल दस्तयाब किया। तकनीकी एवं विभिन्न माध्यमों से पतासाजी कर भोपाल से बालिकाओं को किया गया दस्तयाब। त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही पर परिजनों ने नरसिंहपुर पुलिस का जताया आभार। थाना पलोहा में प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 13 वर्षीय एवं 15 वर्षीय नाबालिग बालिकाएं ग्राम की ही एक अन्य 13 वर्षीय बालिका के साथ घर से सामान लेने गाडरवारा जाने की बात कहकर निकली थीं, जो देर रात्रि तक वापस घर नहीं लौटीं। परिजनों द्वारा आसपास एवं संभावित स्थानों पर तलाश करने के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका। सूचना प्राप्त होते ही थाना पलोहा पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गुमशुदा तीन नाबालिग बालिकाओं की सकुशल दस्तयाबी हेतु विशेष टीम गठित की गई थी पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तीनों बालिकाओं की तलाश की।

# आक्रामक अंदाज में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**नवभारत,गाडरवारा।** गाडरवारा में भीषण गर्मी और तपती दोपहरी के बीच प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त और आक्रामक कार्यवाही करते हुए बड़ा अभियान चलाया। रिलायंस पेट्रोल पंप से लेकर शक्कर नदी पुल तक सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों पर संयुक्त टीम ने बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया। अभियान का नेतृत्व एसडीएम कलावती ब्यारे, एसडीओपी ललित डांगुर, तहसीलदार प्रियंका नेताम और नगर पालिका सीएमओ वैभव देशमुख ने किया।



पुलिस बल, राजस्व अमला और नगर पालिका की टीम भारी संख्या में मौके पर मौजूद रही। जेसीबी मशीनों की मदद से सड़क किनारे बनाए गए अस्थायी ढांचे और अवैध कब्जों को हटाया गया। अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने, आम लोगों को राहत देने और सार्वजनिक जमीन को कब्जामुक्त करने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। प्रशासन ने चेतावनी दी कि सड़क और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं प्रशासन ने यह भी संकेत दिए हैं कि छोटे व्यापारियों और फुटपाथ विक्रेताओं के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तथा वेंडिंग जोन विकसित करने की दिशा में भी काम किया जाएगा, ताकि रोज़गार प्रभावित न हो और शहर भी व्यवस्थित बने। परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के निर्देश पर चल रही इस कार्यवाही को शहर के विकास, सुगम यातायात और व्यवस्थित नगरीय व्यवस्था की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

# मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख की राशि मिलते ही माना पीड़ित पक्ष

## दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में अस्पताल परिसर में उपस्थित रहे क्षेत्रीय जन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** बुधवार को दोपहर लगभग साढ़े ग्यारह बजे तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग पर भामा और करोंदी के बीच तेंदूखेड़ा तरफ से गाडरवारा तरफ अनाज भरकर ले जा रही आइशर मालवाहक ट्रक क्रमांक एमपी 49 जेड एफ 4462 के द्वारा करोंदी तरफ से मोटरसाइकिल चलाकर आ रहे केशव पिता पूरन लाल धानक एवं उसके साथ बैठे लखन पिता रघुवीर गौड़ 30 वर्ष तेजराम पिता सेवाराम ठाकुर उम्र 40 साल को जोरदार टक्कर मार दी थी।



जिसमें लखन गौड़ और तेजराम ठाकुर की घटना स्थल पर ही करुण अंत हो गया था। घटना की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन एकत्रित हो गए और मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता के साथ साथ लगातार हो रही घटनाओं दुर्घटनाओं पर विराम लगाने की दिशा में कंटेनरों की अबाध गति पर रोक लगाने पीड़ित परिवार के लोगों को शासकीय सेवाओं में नौकरी बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराने सहित विभिन्न विंदुओं को लेकर चक्काजाम कर दिया। और प्रशासन के जबाबदार अधिकारियों द्वारा आर्थिक सहायता और मांगें मानने के उपरांत ही 6 घंटे बाद ही लोग सड़क से उठे। शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पीएम को भेजा गया। लेकिन पीड़ित पक्षों ने प्रशासन के समक्ष जो विषय रखा था कि जब तक राशि मुहैया नहीं हो जाती है तब तक शव शदाह नहीं करेंगे। गुरुवार को सुबह जब परिजनों को राशि नहीं मिली तो अस्पताल परिसर में ग्रामीणों ने फिर से हल्ला बोल दिया।

### मृतक अपने परिवार के इकलौते चिराग थे

समय की नजाकत को देखते हुए प्रशासन के अधिकारियों ने भी फिर मोर्चा संभाला पीड़ि त पक्षों को दो दो लाख रुपए की राशि के चेक उपलब्ध कराये गये तब परिजन शवों को लेकर अपने घर वापिस लौटे। हृदय विदारक बात तो यह थी कि जिन घरों के चिराग बुझे है वह अपने घरों के इकलौते चिराग थे। जिसमें लखन लाल 30 साल के वृद्ध माता-पिता और दो छोटे छोटे बच्चों का पिता था।अब इन परिवारों के सामने जीविकोपार्जन के साथ बच्चों की परवरिश का एक बहुत बड़ा पहाड़ खड़ा हुआ है। पुलिस ने बी एन एस 2023 अधिनियम के अनुसार बाहन चालक पर 281 106(1) मोटर यान अधिनियम 1988 संशोधन 184 के तहत मामला दर्ज किया गया है।



# काम पर लौटे सफाई कर्मचारी

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत एक पखवाड़े से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर चल रहे नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों की प्रदेश पदाधिकारियों के हस्तक्षेप से मांगे पूर्ण होने पर सफाई कर्मचारी काम पर वापस लौट आये है। कर्मचारियों को हड़ताल पर वापिस लौटने के साथ ही वेतन भुगतान एवं एरियस राशि का समान तीन किस्तों में भुगतान पहली किस्त वेतन के साथ करने का लिखित आश्वासन दिया गया है।साथ ही कलेक्टर रेट पर 30 दिवस के मान से भुगतान करने ग्राम पंचायत के समय से काम कर रहे सफाई कर्मचारियों को नियमित और विनियमित किये जाने प्रस्ताव शासन को भेजने सफाई कर्मचारियों की ईपीएफ राशि शीघ्र जमा करने तथा हर माह की दस तारीख तक भुगतान करने तथा सफाई कर्मचारियों के साथ परिषद के समस्त कर्मचारियों को ड्रेस और आई कार्ड उपलब्ध कराने की लिखित सहमति प्रदान की गई है। सहमति बनते ही कर्मचारी गुरुवार से काम पर लौट आये है।